भारत सरकार

शिक्षा मंत्रालय

उच्चतर शिक्षा विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 46

उत्तर देने की तारीख: 18.07.2022

जनजातीय विश्वविद्यालय

†46. श्री राजेश नारणभाई चुड़ासमा:

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश में जनजातीय विश्वविद्यालयों की स्थापना करने पर विचार कर रही है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और उक्त विश्वविद्यालय गुजरात सहित राज्य-वार कब तक शुरू किए जाएंगे; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर

शिक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री

(डॉ. सुभाष सरकार)

(क) से (ग): केन्द्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना एक सतत प्रक्रिया है। केंद्र सरकार ने देश के जनजातीय छात्रों को उच्च शिक्षा और अनुसंधान सुविधाओं के अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से पहले ही दो केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय नामतः इंदिरा गांधी राष्ट्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, अमरकंटक और आंध्र प्रदेश केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय, विजयनगरम की स्थापना की है। इसके अलावा, आंध्र प्रदेश पुनर्गठन अधिनियम, 2014 में तेलंगाना में एक केंद्रीय जनजातीय विश्वविद्यालय की स्थापना का प्रावधान है। सभी केंद्रीय विश्वविद्यालय और अन्य संस्थान भी जनजातीय आबादी की शैक्षिक आकांक्षाओं को पूरा करते हैं।

****